# हरिभूमि बेमेतरा भूमि

रायपुर, शनिवार 27 अप्रैल 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट


तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री


10 उखड़ी सड़कों ने बढ़ाई लोगों की परेशानी निगम को मुख्य मार्ग ...





11 भाठागांव बस स्टैंड से जल्द दौड़ेंगी 21 ई-बसें




# रोज हजारों यात्री बेहाल, देवरबीजा में बस स्टैण्ड है पर यात्री प्रतीक्षालय नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

उप तहसील मुख्यालय देवरबीजा में इन दिनों भीषण गर्मी के बीच बड़ी तादाद में बस यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। एक तरफ क्षेत्र में शादी-ब्याह का सीजन चल रहा है। वहीं दूसरी तरफ चुनावी राजनीति का भी दौर चल रहा है। इसी बीच बेमेतरा शहर से लेकर दुर्ग शहर के बीच मुसाफिरों का काफी आवगमन दिखाई पड़ रहा है, जिसमे बेमेतरा के समीपस्थ स्थित देवरबीजा में बस यात्रियों को काफी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। कई गांवों का केन्द्र बिंदु पर कोई सुविधा नहीं वैसे तो देवरबीजा आसपास के करीब दो-तीन दर्जन गांवों का केंद्र होने के कारण व्यापारिक दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण इलाका है। वही वर्तमान में यहां बेरला तहसील सम्बद्ध उप तहसील कार्यालय, सिटी कोतवाली सम्बद्ध पुलिस चौकी कार्यालय, देवकर विद्युत एई सम्बद्ध जेई कार्यालय सहित कॉलेज व अन्य महत्वपूर्ण शासकीय दफ्तर व प्रतिष्ठान स्थित है। किंतु इस देवरबीजा कस्बे में काफी लंबे अरसे से यात्री प्रतीक्षालय न होने से यहां ठहरने का पर्याप्त स्थल, पेयजल का साधन व शौचालय की व्यवस्था सहित अन्य साधन मौजूद नही है।

- युवतियों, महिलाओं को होती है सबसे ज्यादा दिक्कत

## भीषण गर्मी, बरसात में बस यात्रियों को उठानी पड़ती है भारी मुसीबत

### यात्रियों को सड़क किनारे खड़े रहने की मजबूरी

लिहाजा आलम यह है कि भीषण गर्मी के बीच यात्रीगण बस के इंतजार में सड़क किनारे खड़े रहते है एवं शौच व वाशरूम जाने के लिए यहां-वहां भटकते रहते हैं। यात्री प्रतीक्षालय न होने से गर्मी के सीजन में ठंडे पानी के लिए मुसाफिरों को शुद्ध शीतल पेयजल के लिए काफी जद्दोजहद व मशक्कत करना पड़ता है। जिसमे सबसे ज्यादा तकलीफ बुजुर्ग, महिलाओं व बच्चों के लिए गर्मी के दिनों में देवरबीजा का बस स्टॉपेज काफी कष्टदायक साबित होता है।



### शासन-प्रशासन का ध्यान नहीं

इस सम्बंध में क्षेत्र के रहवासियों व अंचलवासियों के कहना है कि शासन-प्रशासन को आमजनता की इस मूलभूत समस्याओं पर तत्काल एक्शन लेते हुए यात्री प्रतीक्षालय का बंदोबस्त करना चाहिए। ताकि बस यात्रियों को सहूलियत हो सके। वही देवरबीजा के सजग जनमानस व जनप्रतिनिधियों के कहना है कि इस सम्बंध में लोकसभा चुनाव के बाद आचार संहिता खत्म होते ही इस दिशा में समस्याओं को लेकर क्षेत्रीय विधायक को अवगत कराकर तत्काल व्यवस्था की मांग की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### समेसर में समर कैम्प का आयोजन

**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला समेसर में शुक्रवार को समर कैंप का शुभारंभ बाल गीत के साथ किया गया। जिसमें अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की अंजली के द्वारा येलो रे हाथी, येलो रे घोड़ो, बाल गीत को हंसने व रोने की भाव को बताकर बहुत अच्छे ढंग से गतिविधि कराई। बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नवाचारी शिक्षिका गोपेश्वरी साहू ने कहा कि ग्रीष्मकालीन शिविर बच्चों को नए अवसर तलाशने, नए वातावरण में समय बिताने और नई चीजों को आजमाने का मौका देते हैं, जो उनके आत्मविश्वास और स्वतंत्रता को विकसित करने का सबसे अच्छा तरीका है। बच्चों को पेपर से विभिन्न प्रकार की टोपी बनाना सिखाया गया। पेपर फोल्डिंग से बच्चों के मांस पेशियों का विकास होता है। बच्चों को ड्राइंग सीट दिया गया। जिसमें बच्चों ने अपनी स्वेच्छा अनुसार चित्र बनाकर उस पर कहानी लिखे। समर कैंप में प्रधान पाठिका साधना साहू, शिक्षक दिलीप कुमार जांगडे, नवाचारी शिक्षिका गोपेश्वरी साहू सहित समस्त स्टॉप व बच्चे उपस्थित रहे।

### बच्चों को विषय से जोड़ने कहानी सशक्त माध्यम



**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला बीजागोड़ में चल रहे समर कैम्प में गुरूवार को बच्चों ने हाव भाव के साथ रेलगाड़ी बनने का अभिनय किया तथा गीत के माध्यम से सप्ताह के दिनों के नाम से बच्चों को परिचित कराया। नवाचारी शिक्षिका चंदा सिन्हा ने कहा कि छोटे बच्चों को किसी विषय से जोड़ने का सशक्त माध्यम गीत, कविता और कहानी ही है। हम गीत, कविता, कहानी के माध्यम से विषय को बच्चों के दैनिक जीवन से जोड़कर सरल बना याद करा सकते हैं। तत्पश्चात शाला में अजीम प्रेमजी फाउन्डेशन से हुमा नाज ने बच्चों से समूह में चर्चा की पिछले दिनों के कार्यो के बारे में चर्चा की। हुमा नाज ने बच्चों से उनका परिचय पूछा और जाना कि समर कैम्प में सभी स्तर के बच्चे शामिल है। बच्चों को गर्मी विषय पर चित्र बनाकर मौलिक लेखन कराया गया।

## चुनाव : विजय बघेल के पक्ष में जनसभा को गृहमंत्री ने किया सम्बोधित

# छत्तीसगढ़ को अटल ने बनाया मोदी संवार रहे : अमित शाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शुक्रवार को बेमेतरा के बेसिक स्कूल ग्राउंड में देश के गृहमंत्री ने आमसभा को संबोधित किया। उन्होंने अपने भाषण में बिरनपुर हत्याकांड से लेकर प्रदेश में नक्सलवाद, छत्तीसगढ़ के घोटाले, राममंदिर मुद्दा, कश्मीर मुद्दा सहित अन्य मुद्दों पर बेबाकी से अपनी बात रखी। अपने संबोधन की शुरुआत गृहमंत्री अमित शाह ने जिले के प्रसिद्ध समी गणेश एवं महामाया माता को प्रणाम करते हुए की।

- लोगों की आस्था से खिलवाड़ करती है कांग्रेस
- प्रदेश में कोयला, शराब के साथ गोबर तक का हुआ घोटाला



### हत्याकांड पर कांग्रेस ने की राजनीति

जिले के बहुचर्चित बिरनपुर हत्याकांड के मामले का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस की राजनीति का शिकार हुए भुनेश्वर साहू के परिवार के प्रति सहानुभूति रखते हैं। उन्होंने कहा कि भुनेश्वर साहू का सिर्फ इतना ही गुनाह था कि वह सनातन धर्म पर चलने वाला था। जिसका खामियाजा उसको अपनी जान देकर गंवानी पड़ी और इस मसले पर कांग्रेस राजनीति ही करते रही। जबकि हमने उस परिवार के प्रति सहानुभूति बनाते हुए उनके पिता ईश्वर साहू को मौका दिया और उन्होंने साजा के सीट पर इतिहास रच दिया।

### नक्सलवाद का होगा खात्मा

उन्होंने इस बात का भरोसा भी दिया कि आने वाले 2 साल में मोदी की सरकार छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद को पूरी तरह खत्म कर देगी। उन्होंने राम मंदिर मसले पर भी खुलकर बोला और कहा कि मंदिर के नाम पर कांग्रेस राजनीति करती रही, हमने वहां विवाद खत्म कर मंदिर बनाया जो कि लोगों के आस्था का केंद्र बिंदु है तथा कांग्रेस लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ ही करते रही। इससे भी बड़ी बात यह रही कि कांग्रेस के नेता राहुल गांधी के परिवार को लोगों को यह आस्था की बात रास नहीं आई और उन्होंने राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा पर भी आना आवश्यक नहीं समझा, निमंत्रण ठुकरा दिया।

**80 करोड़ परिवार को दिया निःशुल्क राशन :** उन्होंने कश्मीर की धारा 370 के मसले पर कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि जब धारा 370 हटाने की बात आई तो राहुल गांधी के द्वारा संसद में विरोध किया गया तथा चेतावनी भी दिया गया कि वहां खून की नदियां बहेंगी, जबकि किसी को कंकर भी चलाने की आवश्यकता नहीं ▶▶| शेष पेज 11 पर

### चल रही थी घोटाले की सरकार

शाह ने छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार पर तीखा हमले करते हुए भूपेश बघेल पर घोटाले की सरकार चलाने का बात कहकर जमकर आरोप लगाया। साथ ही साथ उन्होंने महादेव सट्टा, कोयला घोटाला, शराब घोटाला, अनाज घोटाला, सीमेंट घोटाला सहित अन्य का जिक्र करते हुए कहा कि भूपेश देश के अनोखे मुख्यमंत्री जिन्होंने गोबर घोटाला कर प्रदेश को कलंकित करने वाली सरकार की उपलब्धि दी। साथ ही साथ उन्होंने बताया की इन सब से मन नहीं भरा तो वह अब अपने निर्वाचन क्षेत्र छोड़कर राजनांदगांव लोकसभा की ओर पलायन कर गए हैं।

### ओबीसी कार्ड का दिया जवाब

कांग्रेस के ओबीसी कार्ड का जवाब देते हुए अमित शाह ने स्पष्ट रूप से भरी सभा में कहा कि एससी, एसटी तथा ओबीसी के आरक्षण में किसी तरह की कोई कटौती नहीं की जावेगी। जिसके लिए लोग निश्चिंत रहें। शाह ने विजय बघेल को जुझारू सांसद कहकर उनकी सराहना करते हुए कहा कि वह अपने संसदीय क्षेत्र के विकास के लिए समुचित धनराशि और योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए मंत्रियों से भी लड़ बैठते हैं। मामला चाहे उनके क्षेत्र के रेलवे स्टेशन के विकास का हो या सड़क के निर्माण की बात हो, चाहे 11 लाख किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लाभ दिलाने की बात हो किसी योजनाओं पर अपने संसदीय क्षेत्र में लाने के लिए वे कोई समझौता नहीं करते हैं।

# शादी में जाने निकले थे भाई-बहन, अज्ञात वाहन ने ठोका, भाई की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सिटी कोतवाली थाना इलाके के कन्तेली गांव के समीप गुरुवार की शाम एक बड़ी सड़क दुर्घटना हुई। जिसमें अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक मोटरसाइकिल में सवार तीन लोगों में से एक की मौत व अन्य दो की गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल से रायपुर रेफर किया गया है।

- सिटी कोतवाली क्षेत्र के कन्तेली गांव की घटना

जानकारी के अनुसार दुर्ग शहर के पटिया निवासी 20 वर्षीय नवयुवक विकास यादव पिता सन्तोष यादव व 17 वर्षीय बहन रानी यादव पिता सन्तोष यादव एवं 16 साल के रिश्तेदार अभिषेक यादव अपने परिवारिक सगे सम्बन्धी के यहां शादी कार्यक्रम में शामिल होने बेमेतरा के देवरी गांव जा रहे थे। इसी दरम्यान अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल पर सवार तीनों नवयुवा गम्भीर रूप से घायल हो गए। जिसमें से मोटरवाहन चला रहे भाई विकास यादव की स्थिति काफी नाजुक थी, जिसे प्राथमिक जांच में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं बहन रानी यादव व अभिषेक को घायल अवस्था में इलाज के लिए जिला चिकित्सालय से मेडिकल कॉलेज रायपुर रेफर कर दिया गया।

### पतासाजी की जा रही

सिटी कोतवाली प्रभारी चन्द्रदेव वर्मा ने बताया कि घटना शाम के समय का है। जहां तीन नवयुवा बाइक से शादी में सम्मिलित होने देवरी गांव जा रहे थे तभी यह दुखद सड़क दुर्घटना हुई। जिसमे घायलों से पूछताछ व अन्य तरीके से अज्ञात आरोपी का पता लगाकर उसके विरुद्ध विधिवत जरूरी कार्यवाही की जाएगी।

# सलधा में हुआ 108 बटुकों का उपनयन संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सपाद लक्षेश्वर धाम सलधा के शिवगंगा आश्रम में शुक्रवार को 108 ब्राह्मण बटुकों का उपनयन संस्कार विधि-विधान से ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के शिष्य दण्डि स्वामी ज्योतिर्मयानंदः सरस्वती के सानिध्य में आचार्य रवि शास्त्री, प्रवीण गर्ग, नरेन्द्र पाण्डेय के द्वारा सम्पन्न कराया गया। मुख्य यजमान के रुप में महेश शर्मा एवं रश्मिता शर्मा रहे। उपनयन संस्कार में छत्तीसगढ़ के 12 जिलों के अलावा मध्यप्रदेश के बटुक शामिल हुए। उपनयन संस्कार में शामिल बटुकों एवं उनके परिजनों के लिए स्वल्पाहार एवं भोजन की भी निःशुल्क व्यवस्था शिवगंगा आश्रम के द्वारा किया गया था। उपनयन संस्कार में मुख्य रूप से सर्व ब्राह्मण समाज के उपप्रांताध्यक्ष लेखमणी पाण्डेय, सर्व ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष जितेन्द्र शुक्ला, सुनील दत्त दुबे, सहसपुर लोहारा, भोला तिवारी शंकर तिवारी सिल्हाटी, राधेश्याम चौबे लोरमी धनंजय दीवान देवकर, रामस्वरूप पाण्डेय खण्डसरा, रामानंद त्रिपाठी, जय पाण्डेय, मनोज दुबे, संजीव तिवारी बेमेतरा,जुगल किशोर शर्मा धमनी, संजय दुबे पण्डभट्टा, के साथ मातृ शक्ति के रुप श्रीमती विधि तिवारी, स्वेता शर्मा, अंजना दुबे, कुमुदिनी दीवान, सुनिता तिवारी, निवेदिता तिवारी, कुमारी अनंता दीवान, आरती पाण्डेय, माधुरी पाण्डेय, सुमन पाण्डेय आदि शामिल रहे।





# रिजर्व में मिले बीयू का प्रथम स्तरीय जांच संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

लोकसभा सामान्य निर्वाचन अंतर्गत 07-दुर्ग लोकसभा निर्वाचन के लिए प्रत्याशीगणों की संख्या अधिक होने के कारण बेमेतरा जिले में उपयोग के लिए जिला खैरागढ़ छुईखदान गंडई से 75 बीयू एवं जिला महासमुंद से 27 बीयू रिजर्व में प्राप्त हुआ । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा के आदेशानुसार प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) कार्य ईसीआईएल के इंजीनियर द्वारा शुक्रवार को कृषि उपज मंडी परिसर स्थित वेयर हॉउस में किया गया। शाम तक एफएलसी की प्रक्रिया संपन्न हुई। एफएलसी के दौरान वेयर हाउस मे कार्य संपादन हेतु आवश्यक फर्नीचर, कार्य स्थल में आवश्यकतानुसार विद्युत एवं प्रकाश व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था के साथ साथ कक्ष में सीसीटीवी एवं विडियोग्राफी की व्यवस्था भी की गई थी। रिज़र्व में प्राप्त हुये 102 बीयू के जांच के लिए लगभग 35 से अधिक कर्मी काम पर लगे हुए थे। मशीन सुरक्षित लाने-ले जाने के लिए अलग से ग्राम कोटवारों व पिउन की भी ड्यूटी लगायी गयी थी।



## मस्टहा युवा परिषद की बैठक जिया में संपन्न

# शिक्षा, चिकित्सा, राजनीति क्षेत्र सहित दानदाताओं का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

मस्टहा युवा परिषद की बैठक ग्राम जिया में हुई इसमें परिषद् द्वारा ग्राम जिया के उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान किया गया, साथ ही अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक की शुरुआत युवा परिषद के अध्यक्ष आशीष तिवारी, ग्राम जिया के वरिष्ठ चौवन तिवारी, डॉक्टर महेंद्र तिवारी, विनोद तिवारी, सचिव अमित तिवारी, उमा तिवारी के द्वारा किया गया। परिषद् के प्रमुख सलाहकार सौरभ तिवारी ने अपने गांव के परिजनों का स्वर्णिम इतिहास से परिचय कराते हुए बताया कि जब गांव में प्रायमरी स्कूल तो दूर बेमेतरा में कॉलेज नहीं था। उस समय डॉक्टर बांके बिहारी तिवारी ने एमबीबीएस की कठिन पढ़ाई भोपाल में कर डॉक्टर की डिग्री प्राप्त की और मुंबई में अपनी सेवाएं दे रहे है। गांव की बेटी शिल्पा तिवारी पीएससी परीक्षा में सफल हो कर महिला एवं बाल विकास अधिकारी के पद पर पदस्थ है। दूसरी ओर जिया के विकास शर्मा सीए बनकर पूरे मस्टहा परिवार का नाम रोशन किया है। राजनीति के क्षेत्र में परिवार के खेदू प्रसाद तिवारी, संतोष तिवारी, बिसाहू प्रसाद तिवारी ग्राम के सरपंच रहे। वहीं स्व गोविंद प्रसाद तिवारी और दीपक तिवारी रायपुर व बेमेतरा के पार्षद रहे। गांव की ही बेटी अनिता योगेंद्र शर्मा धरसींवा विधानसभा के विधायक रही। जिया के दामाद प्रमोद दुबे रायपुर के महापौर रहे। गांव की बिसाहिन फुफु ने बड़ी राशि दान कर स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के लिए पक्का भवन बनवाया। स्वर्गीय अंतू तिवारी ने अपनी भूमि दान कर महामाई मंदिर का निर्माण कराया। सौरभ तिवारी ने बताया कि हमारा जिया परिवार हर क्षेत्र में आगे रहा है।



युवा अध्यक्ष आशीष तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे पूर्वोजो द्वारा दी गई संपत्ति को हमें संरक्षित रखना होगा। उन्होंने परिषद के उद्देश्यों पर भी प्रकाश डाला। उपरांत जिया के विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट स्थान रखने वाले का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

जिसमें चिकित्सा के क्षेत्र में डा बी.बी. तिवारी,डा महेंद्र तिवारी एवं डा बृजराज तिवारी,राजनीतिक क्षेत्र में अनीता योगेन्द्र शर्मा, अंबिका प्रसाद तिवारी, दीपक तिवारी,स्टील पावर कंपनी के वाईस प्रेजिडेंट आनंद तिवार तिवारी महिला बाल विकास अधिकारी शिल्पा तिवारी,सनातनी संस्कृति संरक्षण हेतु नवीन तिवारी,गौसेवा हेतु चंद्रिका तिवारी ,आईआईटी रुड़की चयनित प्रणय तिवारी,चार्टर्ड अकाउंटेंट श्विकास शर्मा,समाजसेवा के क्षेत्र में संदीप तिवारी, दीप्ति दुबे ,मीसाबंदी एवं समाजवादी चिंतक भुवनेश्वर तिवारी,महिला उद्यम हेतु स्कूल आनर सरिता धरम तिवारी,भूमिदान कर माता देवाला का निर्माण हेतु स्व अंतुप्रसाद तिवारी शामिल थे। परिषद के कार्यकारिणी सदस्य आंनद तिवारी ने जीया के पढ़ने वाले प्रतिभाशाली छात्रों हेतु फंड की घोषणा की।कार्यक्रम का संचालन सौरभ तिवारी ने व आभार प्रदर्शन आनंद तिवारी ने किया। इस दौरान सुभाष तिवारी,चंद्रिका तिवारी,नवीन तिवारी,संदीप तिवारी,नीलम तिवारी,सीमा तिवारी,मीनाक्षी तिवारी, उमा तिवारी,ममता तिवारी, नमिता तिवारी,सविता तिवारी, सुभा तिवारी,मीनू तिवारी, लुमेश तिवारी,पंकज तिवारी,निशिकांत तिवारी,आशु तिवारी,शिवम तिवारी,सोपी तिवारी,अमन तिवारी आदि बड़ी संख्या में परिजन उपस्थित थे।

# जिले में औसत 74.19 प्रतिशत मतदान

**बालोद।** लोकसभा चुनाव में कांकेर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बालोद जिले के संजारी बालोद, डौण्डीलोहारा व गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र को मिलाकर सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक कुल पुरूष 75.07 प्रतिशत, महिला 73.35 प्रतिशत, थर्ड जेंण्डर 33.33 प्रतिशत सभी मिलाकर कुल 74.19 प्रतिशत मतदान हुआ है। जिसमे संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र में पुरूष 75.69 प्रतिशत, महिला 72.61 प्रतिशत कुल 74.12 प्रतिशत मतदान हुआ है। डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र में पुरूष 74.43 प्रतिशत, महिला 74.65 प्रतिशत कुल 74.54 प्रतिशत मतदान हुआ है। वहीं गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र में पुरूष 75.08 प्रतिशत, महिला 72.84 प्रतिशत, थर्ड जेंडर 33.33 प्रतिशत कुल 74.19 प्रतिशत मतदान हुआ है।


पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप



### राज्यपाल बैस ने किया ब्रोशर का विमोचन

**रायपुर।** लव फॉर ह्यूमैनिटी नींव संस्था द्वारा छत्तीसगढ़ में पहली बार प्रसिद्ध कवि एवं कथावाचक कुमार विश्वास के अपने-अपने राम कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के ब्रोशर का विमोचन महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस ने अपने निवास रविनगर में बुधवार को किया। इसी दौरान संस्था के पदाधिकारियों ने राज्यपाल श्री बैस को इस आयोजन के लिए न्योता भी दिया। ब्रोशर विमोचन कार्यक्रम में मनमोहन सिंह चावला, जय दुबे, लव फॉर ह्यूमैनिटी नींव के अध्यक्ष सुभाष राठी, द्वारका साहू, रायपुर होम्स के संरक्षक मनीष राज सिंघानिया, उमेश राठी, डॉ. नीता शर्मा, नरेंद्र, सुदीप श्रीवास्तव, रूबी श्रीवास्तव आदि शामिल थे।

### निर्वाचन सीईओ के घर पहुंचाई मतदाता पर्ची



**रायपुर।** घर-घर मतदान पर्ची वितरण के तहत जिला प्रशासन के अधिकारी गुरुवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना कंगाले के निवास पहुंचे और उन्हें मतदाता पर्ची का वितरण किया।

### आयुर्वेद कॉलेज ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



**रायपुर।** श्री नारायण प्रसाद अवस्थी शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय के विद्यार्थियों और प्राध्यापकों ने गुरुवार को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत लोगों को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित एवं जागरूक किया। इसी दौरान छात्रों ने पोस्टर, फ्लैक्स एवं जागरूकता व्याख्यान के माध्यम से डगनिया बाजार एवं सुंदरनगर बस्ती के नागरिकों को मतदान का महत्व समझाया और आगामी 7 मई को मतदान करने का संकल्प दिलाया। इस अभियान में कॉलेज की प्राध्यापक डॉ. आराधना कंडे, डॉ. कुलदीप साहू, डॉ. खरांजलि जांगड़े, डॉ. मनीष पटेल एवं डॉ. खुशबू कारटे तथा महाविद्यालय के अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### डॉ. कमलेश का शदाणी दरबार में हुआ सम्मान



**रायपुर।** शदाणी दरबार में प्रथम सतगुरु संत शदाराम साहिब के जन्मोत्सव के अवसर पर संत डॉ. युधिष्ठिर लाल ने मैट्स यूनिवर्सिटी के कला एवं मानविकी अध्ययनशाला के सह प्राध्यापक और वरिष्ठ पत्रकार डॉ. कमलेश गोगिया को उनके उत्कृष्ट लेखन कार्य के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर इस्कॉन टेम्पल, वृंदावन के प्रसिद्ध गीता प्रवचक स्वामी सार्वभूमा महाराज ने भी सराहना करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया।

### प्रगति नगर में हनुमान जन्मोत्सव मनाया

**भिलाई।** देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई के तत्वावधान में प्रगति नगर रिसाली स्थित परमेश्वरी भवन में हनुमान जन्मोत्सव का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। बाजे-गाजे एवं हनुमान जी के झंडों के साथ भजन गाते बजाते हुए आकर्षक शोभा यात्रा निकाली गईं। इस अवसर पर गदाधारी हनुमान जी के रूप में वाहन में सवार बालक लक्ष्य देवांगन आकर्षण का केंद्र रहा। समिति के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन की अगुवाई में हनुमान जी की विशेष पूजा एवं महाआरती की गई। उपस्थित महिलाओं ने अपने घरों से लाए दीयों से सजी आरती की थालियों से आरती की। हनुमान जी, श्री राम एवं माता परमेश्वरी की जयकारा से आकाश गुंजायमान होते रहा।

# प्रौढ़ों को पढ़ाने में नहीं है छात्रों की दिलचस्पी, बोनस के रूप में मिलने थे 10 अंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रौढ़ों को पढ़ाने में छात्रों में किसी तरह की दिलचस्पी नहीं है। साक्षरता अभियान के अंतर्गत व्यस्कों तथा बुजुर्गों को साक्षर बनाया जाता है तथा उन्हें लिखना-पढ़ना सिखाया जाता है। इसके लिए स्वयंसेवी शिक्षकों की मदद ली जाती है। शाला शिक्षकों से लेकर कोई भी व्यक्ति जो पढ़ना-लिखना जानता हो, वो स्वयंसेवी शिक्षक के रूप में सेवा दे सकता है। स्कूली विद्यार्थी भी इस अभियान से जुड़ सकें और वे व्यस्कों को पढ़ाने के लिए प्रेरित हों, इसलिए बोनस अंक का प्रावधान किया गया था।

इस योजना के अंतर्गत ऐसे विद्यार्थी, जिन्होंने कम से कम एक व्यस्क को साक्षर किया हो, उन्हें दस अंक बोनस के रूप में दिए जाने थे। एक भी विद्यार्थी इसका हिस्सा नहीं बने। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जब इस योजना के अंतर्गत बोनस प्राप्त करने के लिए योग्य छात्रों की जानकारी लोक शिक्षण संचालनालय से मांगी गई तब सूची में इस कैटेगरी के आगे संख्या अप्राप्त प्रदर्शित की गई। बाद में साक्षरता मिशन का संचालन करने वाले राज्य साक्षरता मिशन से अधिकारियों द्वारा बातचीत में यह स्पष्ट हुआ कि इसके लिए किसी भी छात्र ने आवेदन ही नहीं किया है।

### एक भी दावेदार नहीं

- माध्यमिक शिक्षा मंडल इस बार दसवीं-बारहवीं के 2 हजार 239 छात्रों को देगा बोनस अंक
- साक्षरता अभियान के लिए छात्रों को जागरूक करने शुरू की गई थी पहल



### टॉपर लिस्ट बोनस अंक के बगैर

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा इस वर्ष भी बोनस अंक के बगैर ही टॉपर्स लिस्ट जारी की जाएगी। छात्रों की अंकसूची में इसका जिक्र होगा तथ कुल अंकों में बोनस अंक भी जोड़े जाएंगे। लेकिन मेरिट लिस्ट निकालते वक्त बोनस अंकों की गणना नहीं होगी। माशिम द्वारा कुछ वर्ष पूर्व नियम में बदलाव किया गया था। इसे वर्तमान सत्र में भी जारी रखा जाएगा।

### सर्वाधिक छात्र खेल वाले

माशिम द्वारा दसवीं-बारहवीं में विभिन्न वर्गों में छात्रों को बोनस अंक प्रदान किए जाते हैं। बोनस प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में सर्वाधिक संख्या खिलाड़ी छात्रों की है। 10वीं के 563 तथा 12वीं के 860 खिलाड़ी छात्रों को बोनस अंक प्रदान किए जा रहे हैं। इसके अलावा दसवीं में स्काउट-गाइड के 510 तथा बारहवीं में 236 छात्र हैं, जिन्हें बोनस दिए जाएंगे। विद्याभारती के अंतर्गत 10वीं के 5 और 12वीं के 14 छात्रों को बोनस मिलेंगे। खेल एवं युवा कल्याण के अंतर्गत दसवीं के 30 और बारहवीं के 21 छात्रों को मौजूदा सत्र में बोनस दिया जा रहा है। इस तरह से दोनों कक्षाओं को मिलाकर 2 हजार 239 छात्रों को बोनस अंक मंडल प्रदान करेगा।

## बिरगांव निगम के रावांभाठा, उरकुरा वार्ड की सड़कों की जिम्मेदार नहीं ले रहे सुध

# उखड़ी सड़कों ने बढ़ाई लोगों की परेशानी निगम को मुख्य मार्ग बनाने नहीं मिला फंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जून में बारिश की दस्तक होते ही बिरगांव निगम के रावांभाठा, उरकुरा, अछोली और उरला वार्ड में लोगों की परेशानी बढ़ने वाली है, क्योंकि सपोर्टिंग सड़कों की सुध बिरगांव निगम के जिम्मेदार नहीं ले रहे हैं। पाइप लाइन के लिए पुरानी सड़कों को खोदने से मेंटेनेंस भी बेअसर है। सीमेंटेड करने के बाद भी सड़कों का हाल-बे हाल है। फरवरी में 12 मुख्य मार्गों को बनाने के लिए 5 करोड़ के प्रस्ताव को भेजा गया, इसे अभी मंजूरी भी नहीं मिली है।

हरिभूमि सरोकार

बिरगांव निगम के 40 वार्डों में खारुन नदी जल आवर्धन योजना के तहत 104 करोड़ का प्रोजेक्ट खत्म होने की स्थिति में है। इसके कारण खोदी गई सड़कों का बुरा हाल है। ट्रांसपोर्ट नगर से रावांभाठा होते हुए निमोरा आने-जाने वाले लोगों के लिए बस्ती में बनवाई गई सड़क पाइप लाइन की भेंट चढ़ गई है। इसी तरह ईएसआईसी अस्पताल से सटी बस्तियों में भी सड़कें उखड़ी, टूटी हैं। उरकुरा में नई पानी टंकी क्षेत्र का मुख्य मार्ग बारिश में इस बार भी लोगों के लिए परेशानी की वजह बनने वाला है। नए बसाहट वाले इलाके में बुरा हाल है। वार्ड प्रतिनिधियों ने लोगों की इस परेशानी को देखते हुए कई बार सर्वे भी करवाया, लेकिन सुविधा नहीं मिलने से 3 हजार से ज्यादा परिवारों की परेशानी बारिश शुरू होने से दोगुनी होने वाली है। इसे देखते हुए सड़क व नाली बनवाने के लिए पार्षद भी दबाव बना रहे हैं।

### 12 मुख्य मार्गों का प्रोजेक्ट अटका

इधर निगम के जिम्मेदारों ने 12 मुख्य मार्गों का डामरीकरण कराने के लिए फरवरी 2024 में प्रस्ताव भेजा है, ताकि दूसरे क्रम में मुख्य मार्गों का निर्माण करवाया जा सके। अभी तक रावांभाठा, उरला, बिरगांव, सरोरा, अछोली में सड़क बनवाने के लिए शासन से बजट भी नहीं मिला है। इससे जून में शुरु होने वाली इस बारिश में लोगों को परेशानी कम होने वाली नहीं है। नई बसाहट वाली आबादी के बीच आने-जाने के लिए सड़क भी कच्ची है। मलबा डालने से अभी आवा-जाही हो रही, बारिश में गाड़ियां फंसती हैं।





### सड़कें ही नहीं, नालियां भी बेकार

बिरगांव निगम के नेता प्रतिपक्ष ओमप्रकाश साहू ने बताया कि रावांभाठा, उरकुरा ,उरला और अछोली में मुख्य मार्गों को छोड़कर बस्तियों को जोड़ने वाली ज्यादातर सड़कें भी उखड़ चुकी हैं। इससे आने-जाने वाले लोगों को रात ही नहीं, दिन में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सभी वार्डों में वनवे सड़कों का बुरा हाल है। छोटी गाड़ियों की आवाजाही बारिश के दिनों में प्रभावित होती है। प्रतिनिधियों से भी मामले में शिकायत मिल रही है। चुनाव खत्म होने के बाद मामले को लेकर जिम्मेदारों से जवाब मांगा जाएगा।

### समीक्षा के बाद बता पाएंगे

अभी उन्हीं सड़कों और नालियों का निर्माण किया जा रहा, जो पहले फेज के प्रोजेक्ट में शामिल हैं। दूसरे क्रम में 12 मुख्य मार्गों को बनवाने के लिए शासन को प्रस्ताव गया है। मंजूरी के बाद प्रोसेस करेंगे। पुराने प्रोजेक्ट की समीक्षा के बाद ही कितना काम हुआ है, बता पाउंगा।

**- नंदलाल देवांगन,** महापौर, नगर निगम, बिरगांव

### पुराने प्रोजेक्ट की समीक्षा नहीं

सूत्रों ने बताया कि 2023 में 76 स्थानों पर छोटी नालियों की कनेक्टिविटी व बस्तियों में 100-200 मीटर लंबी सड़क बनाने के लिए शासन ने 7 करोड़ 47 लाख की मंजूरी दी। इससे जिम्मेदारों ने काम शुरु करवाया है। अभी तक वार्डों में कितने स्पाट पर काम पूरा हो चुका है, इसकी समीक्षा जिम्मेदारों ने नहीं की है। इससे निर्माण एजेंसियों द्वारा भी चुनावी आचार संहिता को देखते हुए निर्माण के लिए आधे मैन पावर का ही इस्तेमाल किया जा रहा है। निगम के जिम्मेदार चुनाव के बाद समीक्षा बैठक करने की दलील दे रहे हैं।

# मिक्स कचरा देने वालों की खैर नहीं, सख्त हुआ ननि




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रिसाली निगम ने स्वच्छता को लेकर सख्त रवैया अपनाया है। बार -बार समझाईश के बाद भी मिक्स कचरा देने वाले स्वच्छता के दुश्मन का नाम अब सार्वजनिक किया जाएगा। यही नहीं उनके घरों से निगम के कर्मचारी कचरा लेना बंद भी कर देंगे। यह फरमान गुरुवार को निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने जारी की है। निगम आयुक्त ने ऐसे घरों को सूचीबद्ध करने निर्देश दिए है जो मिक्स कचरा दे रहे है। तैयार सूची का प्रकाशन सार्वजनिक जगहों पर स्वच्छता के दुश्मन के नाम से किया जाएगा। सूची के आधार पर नाम वाला फ्लैक्स तैयार किया जाएगा।


आयुक्त ने यह भी निर्देश दिए है कि अंतिम चेतावनी के बाद सुधार नहीं होने पर उस घर से निगम कर्मचारी कचरा लेना बंद कर दें। गीला व सूखा कचरा अलग अलग देने पर ही कर्मचारी संग्रहण कार्य को नियमित करे।उल्लेखनीय है कि रिहायसी क्षेत्रों से निकलने वाले कचरे को पूर्ण रूप से डिस्पोज करने रिसाली निगम पिछले दिनों से अभियान चला रही है। लोगों को गीला व सूखा कचरा अलग अलग देने अपील कर रहे है। खास बात यह है कि रिसाली निगम के 70 से भी ज्यादा अधिकारी व कर्मचारी अभियान में लगे है। सूखा व गीला कचरा अलग अलग रखने अपील कर रहे है। शुक्रवार से कचरा संग्रहण कार्य में लगे 64 कर्मचारी सूची बनाने का कार्य करेंगे।

# मोबाइल, शराब, विचारधारा में टकराव से टूटने की कगार पर पहुंचे परिवार को परामर्श केंद्र ने बचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अपराध रोकने में जितनी महत्वपूर्ण भूमिका पुलिस की रहती है, वही पुलिस परिवार को टूटने से बचाने का भी काम करती है। पुलिस की महिला इकाई ने परिवार परामर्श केंद्र के माध्यम से कई परिवारों को टूटने से बचाने का काम किया है। परिवार परामर्श केंद्र में चार माह के भीतर पांच सौ शिकायतें पहुंची हैं। उन शिकायतों में से 135 का निराकरण कर परिवार परामर्श केंद्र ने परिवार को टूटने से बचाने का काम किया है।

गौरतलब है कि एसएसपी संतोष सिंह ने पति-पत्नी से संबंधित विवाद जिसमें महिला को किसी तरह से गंभीर नुकसान नहीं हुआ है। साथ ही पारिवारिक विवाद को बेहद ही संजीदगी से सुलझाने के निर्देश दिए हैं। इन्वेस्टिगेशन यूनिट्स ऑफ क्राइम अगेंस्ट वूमेन (आईएसीयूडब्लू) की एएसपी ममता देवांगन तथा उनकी टीम के दावों के मुताबिक कई मामले ऐसे होते हैं, जिसे परिवार परामर्श केंद्र में पहली ही सुनवाई में ही निपटा लिया जाता है। साथ ही संबंधितों को परिवार परामर्श केंद्र से जुड़े लोगों का नंबर दिया जाता है, भविष्य में विवाद की स्थिति निर्मित होने पर मदद मांग सके।



- जनवरी से लेकर अब तक पांच सौ शिकायतों में से 135 का निराकरण
- परिवार परामर्श केंद्र में ज्यादातर शिकायतें मोबाइल में बात करने से लेकर शराब सेवन, विचारधारा में टकराव
- परिवार परामर्श केंद्र ने परिवार को टूटने से बचाने का काम किया

### परिवार को मिलाने के बाद भी संपर्क में रहते हैं

महिला अफसर के मुताबिक परिवार को टूटने से बचाने के बाद उनकी जिम्मेदारी वहीं समाप्त नहीं होती। परिवार को मिलाने के बाद महिला पुलिस की टीम तथा परिवार परामर्श केंद्र से जुड़े लोग समय-समय पर परिवार के लोगों को कॉल कर उनके हालचाल के बारे में जानकारी लेते रहते हैं। साथ ही उन्हें समय आने पर उचित सलाह के साथ मार्गदर्शन देने का काम करते हैं।

### मोबाइल, शराब से टूट रहे परिवार

महिला अफसर के मुताबिक महिला थाने में ज्यादातर मामले पति द्वारा शराब पीकर मारपीट करने से लेकर मोबाइल में बातचीत करने को लेकर विवाद होने की ज्यादातर शिकायतें आती हैं। ऐसे में परिवार को टूटने से बचाने के लिए परिवार परामर्श केंद्र परिवार को टूटने से बचाने के लिए हर संभव कोशिश करता है। इसके लिए परिवार के लोगों की दो से तीन बार काउंसिलिंग कर उन्हें मिलवाने का काम करती है। महिला अफसर के मुताबिक चरित्र शंका को लेकर पत्नी के साथ मारपीट तथा पति के चरित्र शंका को लेकर भी महिलाएं शिकायत लेकर थाने पहुंचती हैं। महिला अफसर के अनुसार विचारों के टकराव को लेकर भी शिकायतें आती हैं।

# बार लायसेंस, मुद्रांक शुल्क के 100 करोड़ रुपए बकाया

- 2017-18 का मुद्रांक शुल्क निगम को अब तक नहीं मिला, चार साल से भेज रहे रिमाइंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम को राज्य शासन से बार लायसेंस और मुद्रांक शुल्क के रूप में 100 करोड़ की राशि अब तक नहीं मिली। इसमें वर्ष 2017-18 का 45 करोड़ 44 लाख का मुद्रांक शुल्क शामिल है। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संचालक को बकाया राशि के भुगतान के लिए पत्र लिखा है। नगर निगम को शासन से 100 करोड़ बकाया राशि का भुगतान नहीं होने से निगम से संबंधित अति आवश्यक लंबित देयकों के भुगतान में दिक्कत आ रही है। सूत्रों के मुताबिक साल 2023-24 में बार लायसेंस की राशि 12 करोड़ 86 लाख रुपए नगर निगम को शासन से मिलना था जिसमें से अब तक केवल 1 करोड़ 44 लाख रुपये का भुगतान नगरीय प्रशासन संचालनालय से मिल पाया। 11 करोड़ 42 लाख रुपये का भुगतान लंबित है। इसी तरह वित्तीय वर्ष 2022-23 में जिला पंजीयक कार्यालय के माध्यम से कराई गई रजिस्ट्री का 1 फीसदी राशि 52 करोड़ 65 लाख रुपये में से 6 करोड़ 16 लाख 84 हजार रुपये संचालनालय से प्राप्त हुई। जबकि 46 करोड़ से अधिक की राशि अप्राप्त है।



*5 साल से लंबित मुद्रांक शुल्क के 45 करोड़ : नगर निगम के हिस्से के मुद्रांक शुल्क की 45 करोड़ की एकमुश्त राशि नगरीय प्रशासन विभाग से रायपुर नगर निगम को अब तक नहीं मिली। वर्ष 2017-18 के वित्तीय वर्ष में हुई रजिस्ट्री का 1 प्रतिशत राशि निगम को मुद्रांक शुल्क के रूप में मिलना है, यह राशि 45 करोड़ से भी अधिक है। इसके भुगतान के लिए निगम के अधिकारियों ने पिछले 5 साल में 7 बार अलग-अलग तारीख में संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को पत्र लिखकर लंबित राशि के भुगतान की ओर ध्यान दिलाया, पर शासन स्तर पर भुगतान लंबित है।*

## फीडबैक लेने नागरिकों के पास पहुंचे कमिश्नर

**रायपुर।** नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने गुरुवार की सुबह डब्ल्यूआरएस कॉलोनी में नागरिकों के घर-घर जाकर गीला और सूखा कचरा उठाने के कार्य का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने नागरिकों से फीडबैक भी लिया। इस दौरान उन्होंने नागरिकों से मतदाता पर्ची के संबंध में भी जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने बूढ़ापारा स्थित सेकेंडरी कचरा कलेक्शन पॉइंट का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को सेकेंडरी कलेक्शन पॉइंट से सूखा और गीला कचरा सकरी कलेक्शन पॉइंट में अलग-अलग पहुंचाने 2 जेडएचओ नियुक्त करने के निर्देश दिए। मुख्यालय में तैनात जेडएचओ बरोन बंजारे और भूषण ठाकुर को इसकी जिम्मेदारी दी गई। दोनों को 5-5 जोन का काम हर दिन देखने तथा एक दिन सकरी ट्रेंचिंग ग्राउंड का काम भी देखने के निर्देश दिए गए हैं।

# अहाता के लिए थोक में आवेदन, ऑनलाइन की तारीख खत्म, आवंटन चुनाव के बाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आबकारी विभाग ने राज्य में अहाता पॉलिसी लागू की है। इसके तहत शराब दुकानों के पास अहाता खोलने के लिए विभाग ने ऑनलाइन आवेदन मंगाए थे। इसके लिए लोगों ने भी थोक में आवेदन किए हैं।

आवेदन करने की गुरुवार को अंतिम तारीख थी, वहीं अहाता का आबंटन 25 अप्रैल को किया जाना था, लेकिन आचार संहिता के कारण अहाता की तारीख आगे बढ़ाई जा रही है। विभागीय सूत्रों के अनुसार अहाता का आबंटन अब लोकसभा चुनाव के अंतिम व तीसरे चरण का मतदान खत्म होने के बाद किया जाएगा। इसके लिए 10 मई की तारीख तय की किए जाने की भी जानकारी है। विभाग के एक अधिकारी का कहना है कि चुनाव के कारण आबंटन की तारीख आगे बढ़ाई जा रही है। हालांकि तारीख सिर्फ आबंटन के लिए बढ़ाई जा रही है या फिर बढ़ी हुई तारीख तक आवेदन भी किए जा सकते हैं, इस संबंध में अधिकारी ने भी स्पष्ट जानकारी नहीं दी है। राज्य सरकार शराब दुकानों के लिए अहाता पॉलिसी लेकर आई है। अहाता चलाने के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड ने टेंडर निकाला है, जिसके लिए 8 अप्रैल से ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए थे। टेंडर के अनुसार सभी जिलों में कौन-कौन सी शराब दुकानों के पास अहाते खोले जाने हैं, इसकी सूची ऑनलाइन साफ्टवेयर में डाल दी गई है। सूची के अनुसार सभी अहातों की बोली रेट भी तय किया गया है। इस बोली के अनुसार ही लोगों ने आवेदन किए हैं।

### रायपुर जिले में 56 अहाता के लिए बोली

विभागीय सूत्रों के अनुसार रायपुर जिले में अहाता के लिए 56 शराब दुकानों का चयन किया गया है। इन दुकानों के लिए ऑनलाइन आवेदन आ चुके हैं, लेकिन कुल कितने आवेदन आए हैं, इसकी जानकारी विभाग के अधिकारी भी नहीं दे पा रहे है। उनका कहना है कि आबंटन के दिन ही कुल कितने आवेदन आये हैं, इसका पता चल पाएगा।

*जिसकी बोली ज्यादा उसे मिलेगा ठेका : आबकारी विभाग के नियम के अनुसार आवेदन करने वालों में जिसकी बोली ज्यादा होगी, उसे ही अहाता का ठेका दिया जाएगा। सूत्रों के अनुसार हर अहाता की सरकारी बोली वहां की शराब दुकान की हर दिन की शराब बिक्री को देखते हुए तय की गई है। सरकारी बोली के अनुसार आवेदन करने वालों ने भी उससे ज्यादा बोली लगाकर आवेदन किए हैं। इस तरह जिसके आवेदन में बोली ज्यादा होगी अहाता का ठेका भी उसे ही मिलेगा।*

## पुलिस ने टीम बनाकर दी दबिश

# गोदाम में पुलिस की दबिश, मिला लाखों का कबाड़, ट्रक भी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

कबाड़ियों के खिलाफ पुलिस ने अभियान चलाकर गोदाम में दबिश देकर लाखो रुपये का सामान जप्त किया है। कबाड़ी के यहाँ से 60 लाख रुपये का अवैध कबाड़ मिला है। मुखबिर से सूचना पर थाना जामुल क्षेत्र के गोकुल नगर में ललित कबाड़ी द्वारा यार्ड बनाकर उसमें बड़ी मात्रा में चोरी के वाहन की कटिंग कर उसका कबाड़ रखा था। ट्रकों मे लादकर बाहर भेजने की सूचना मिली। एसपी जितेन्द्र शुक्ला के निर्देशन और एएसपी सुख नंदन राठौर, आईपीएस चिराग जैन, सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी, एसीसीयू प्रभारी निरीक्षक कपिलदेव पाण्डेय की टीम गोकुल नगर स्थित ललित कबाडी के गोदाम में दबिश दी गई। जहाँ से कटे फिटे पुराने वाहन को कटिंग कर कवाड के रूप में रखा गया था। मौके पर ललित कबाड़ी का मैनेजर राकेश मिश्रा मिला साथ ही कबाड़ी के यार्ड में 3 ट्रक जिसका ट्रक कमांक सीजी 07 सी 1765, सीजी 07 सी 6287 एवं सीजी 04 जेड डी 8727 में लोड कर रखा था।

एक टाटा नैनो कार सफेद रंग का जिसमें नबर प्लेट नहीं है। उसके अलावा एक पुरानी बाईक का चेचिस नवंर डीएफएफबीजेए 57001, सबमार्शिबल पम्प भी मिला। जिसके बारे में पुलिस ने आरोपी कोहका निवासी राकेश मिश्रा से पूछताछ की गई। कबाड़ी के पास किसी भी प्रकार का दस्तावेज नहीं मिला। उक्त सामानों को जप्त किया गया है। कबाड़ी ललित साहू के गोदाम से कई आपत्तिजनक समान मिले उसे सील कर दिया गया है। मामले में पुलिस ने धारा 41 (1+4) 379 के तहत जुर्म दर्ज किया है।



## खबर संक्षेप

### सर्व ब्राह्मण समाज का कल सम्मेलन, अभिनंदन भी

**रायपुर।** सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में 27 अप्रैल को प्रांतीय प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही अभिनंदन समारोह और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होगा। इस कार्यक्रम में राज्य स्तरीय आयोजित एकल गायन, एकल नृत्य (15 से 31 वर्ष) तथा 30 से 60 वर्ष तक महिला वर्ग गायन प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण भी किया जाएगा। समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा और सांस्कृतिक मंच प्रदेश अध्यक्ष जेपी शर्मा ने बताया कि समारोह में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, विधायक पुरंदर मिश्रा, भावना बोहरा, अनुज शर्मा, सुशांत शुक्ला तथा हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी को बतौर अतिथि आमंत्रित किया गया है।

### कलेक्टर ने मतदाताओं के घर जाकर बांटी पर्ची



**रायपुर।** लोकसभा चुनाव के लिए गुरुवार को कलेक्टर डा. गौरव सिंह ने मतदाता पर्ची वितरण कार्यक्रम के तहत स्वयं मतदाताओं के घर पहुंचें और उन्हें पर्ची बांटी। उन्होंने रायपुर पश्चिम विधानसभा स्थित माधव राव सप्रे वार्ड के रहवासी रघु गोंड सहित अन्य मतदाताओं के घर पहुंचे और मतदाता पर्ची देकर उनसे मतदान करने की अपील की। इस दौरान रायपुर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा व एसडीएम नंदकुमार चौबे भी उपस्थित थे।

### परसुलीडीह में पानी की किल्लत

**रायपुर।** राजधानी से लगे परसुलीडीह में जलसंकट से लोग परेशान हैं। इसकी शिकायत वहां के रहवासियों ने जोन-9 कमिश्नरी में की है। प्रभावितों का कहना है, 5 दिनों से यहां पानी की समस्या है। लोगों को पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है। निगम मुख्यालय के अधिकारियों ने जोन-9 कमिश्नर को निर्देशित किया है कि परसुलीडीह में पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था करे। विदित हो, ग्रामवासियों की मांग पर रायपुर नगर निगम वहां पेयजल की व्यवस्था करता रहा है।

### सामान्य प्रेक्षक ने किया मतदान केन्द्रों का भ्रमण

**दुर्ग।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संसदीय क्षेत्र निर्वाचन क्रमांक 7 दुर्ग के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्रीकेश लाठकर आईएएस ने विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 62 पाटन अंतर्गत कुम्हारी, कुकदा, पतोरा, सेलूद, ठकुराईन टोला, अखरा, डीडाभाठा, रानीतराई, जामगांव आर आदि ग्रामों के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। जिसमें संगवारी मतदान केन्द्र, दिव्यांग मतदान केन्द्र तथा क्रिटिकल मतदान केन्द्र भी शामिल थे। उन्होंने अधिकारियों को मतदान केन्द्रों हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं जैसे पेयजल शेड आदि संबंधी व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देशित किया। जहां एक से अधिक मतदान केन्द्र है, वहां मतदान कक्षों तक जाने मार्ग चिन्हित करने निर्देशित किया है।।

### फाउंडेशन ने किया नि:शुल्क रक्तदान

**दुर्ग।** जिला दुर्ग मरोदा वार्ड क्रमांक 18 दुर्गा माता जी के मन्दिर के बगल भवन मे स्वयं शक्ति वेल्फेयर फाउंडेशन संस्था के द्वारा 21 अप्रैल 24 को निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जहाँ पर लोगों का मैग्निटिक सिस्टम अक्यु प्रेसर एवं डेटाक्साइफिकेशं मशीन के द्वारा लोगों का ट्रीटमेंट किया गया।

### प्रदेश में सबसे ज्यादा ट्विनसिटी का तापमान

**भिलाई।** ट्विनसिटी का तापमान गुरुवार को प्रदेश में सबसे ज्यादा रहा। मौसम विभाग ने भिलाई दुर्ग का अधिकतम तापमान 42.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया है। इधर दोपहर को धूप और बारिश का मिश्रण देखने मिला। दोपहर करीब 3 बजे से आधा घंटे तक विभिन्न इलाकों में मध्यम बारिश होती रही। उसके बाद धूप निकल गई। जिसकी वजह से उमसभरी गर्मी का वातावरण निर्मित हो गया है। लोगों को इस गर्मी से बड़ी बैचनी महसूस होने लगी है।

# पानी के लिए तरसे आदिवासी छात्र, परीक्षा की तैयारी छोड़कर नहाने-धोने के लिए ढूंढ रहे ठिकाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

छत्तीसगढ़ के विभिन्न जगहों से पढ़ने के लिए आए आदिवासी छात्र शहर में बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस गए हैं। हालात ये हैं कि छात्र परीक्षा के दिनों में तैयारी छोड़कर नहाने और कपड़े धोने के लिए पानी की व्यवस्था करने में लगे हुए हैं। मामला डीडी नगर के पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास का है। यहां स्नातकोत्तर और स्नातक दो छात्रावास हैं। स्नातकोत्तर भवन में सुविधाएं अपेक्षाकृत बेहतर हैं, लेकिन स्नातक भवन में छात्र पानी, बिजली और छत जैसी समस्याओं के लिए जूझ रहे हैं। छात्रों ने बातचीत में बताया, एक बोर का जलस्तर बहुत नीचे चला गया है। थोड़ा-बहुत पानी आता है, उससे कुछ देर ही काम चल पाता है। रोज सुबह नहाने के लिए हम स्नातकोत्तर छात्रावास जाते हैं। वहां के छात्रों को भी नहाना होता है। ऐसे में अपनी पारी का इंतजार करते हुए बैठे रहते हैं। इसके अलावा खाना बनाते वक्त सब्जी, बर्तन आदि धोने के लिए भी पानी बीच में खत्म हो जाता है। यहां-वहां से पाइप खींचकर व्यवस्था कर पाते हैं।

## मामला डीडीनगर के पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास का

### कोंडगांव, सुकमा, बस्तर के छात्र हैं अध्ययनरत

आदिवासी छात्रावास में कोंडागांव, सुकमा, बस्तर सहित प्रदेशभर के आदिवासी क्षेत्रों के विद्यार्थी रहते हैं। यहां वे विभिन्न महाविद्यालयों में पढ़ाई करते हैं। वर्तमान में रविवि की वार्षिक परीक्षाएं चल रही हैं। छात्रों का कहना है कि पानी का जुगाड़ करने में ही उनका पूरा वक्त निकल जाता है। इस कारण पढ़ाई नहीं हो पाती है। वे यह समझ नहीं पा रहे हैं कि वे पढ़ाई करें या कमरे की मरम्मत की चिंता करें।



### मरम्मत भी आधी-अधूरी

इस छात्रावास के अंतर्गत तीन बिल्डिंग हैं। इसके मरम्मत के लिए बीते वर्ष कार्य शुरू किया गया था, लेकिन सिर्फ एक बिल्डिंग में ही मरम्मत का कार्य हो सका है। शेष दो बिल्डिंग में स्थिति अब भी जस की तस है। यहां प्लस्तर उखड़ने लगे हैं। कभी भी छत से रेत गिरने लगती है। बिजली के बोर्ड भी पिछले कई सालों से नहीं बदले गए हैं, ऐसे में चार्जिंग के लिए फोन या लैपटॉप लगाते हुए भी डर लगते रहता है। इसे लेकर छात्रों द्वारा कई बार संबंधित विभाग और अधिकारियों से संपर्क भी किया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा सका है। छात्र भीषण गर्मी में पानी के लिए यहां-वहां भटक रहे हैं। आदिम जाति कल्याण विभाग को भी छात्रों द्वारा खत लिखा जा चुका है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है।

### आधा कार्य पूर्ण

*मरम्मत संबंधित कार्य प्रारंभ कर दिए गए हैं। आधा कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष कार्य अभी जारी है।*
*- तेजस्वी वर्मा, वार्डन*


# रेन वाटर हार्वेस्टिंग में 13 करोड़ फंसे पानी सहेजने में 50 फीसदी बेपरवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

शहर के 50 फीसदी लोग वर्षा जल को सहेजने के मामले में गंभीर नहीं हैं। नए मकान व भवन का नक्शा पास कराते समय रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाने आवेदकों ने नगर निगम में निर्धारित सुरक्षा निधि जमा कराई, पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम आज तक नहीं लगा पाये। इसके कारण इन आवेदकों के 13 करोड़ की राशि रेन वाटर हार्वेस्टिंग में फंसी है। पिछले 5 साल में ऐसे लोगों की संख्या 7 हजार से ज्यादा है, जबकि 2,500 निर्माणकर्ता ऐसे भी हैं, जिन्होंने निर्माण स्थल पर रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाकर अपनी सुरक्षा निधि वापस लेने में तत्परता दिखाई।

नगर निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत 1,500 वर्गफीट से अधिक आकार के भवन, मकान, व्यावसायिक निर्माण में रेनवाटर हार्वेस्टिंग लगाना अनिवार्य है। इसके अंतर्गत नगर निगम द्वारा भवन अनुज्ञा जारी करने से पूर्व आवेदकों से सुरक्षा निधि के रूप में 110 रुपये प्रति वर्गमीटर की दर से राशि जमा कराई जाती है, जो अधिकतम 15 हजार रुपये है, पर रेनवाटर हार्वेस्टिंग लगवाने का खर्च इससे दोगुना ज्यादा होने से 50 फीसदी आवेदक वर्षा जल संरक्षण के लिए सिस्टम लगवाने में रुचि नहीं ले रहे। इसकी वजह से पिछले 5 साल में नगर निगम के 13 करोड़ रुपए की सुरक्षा निधि जाम है, जबकि आवेदक द्वारा भवन, मकान निर्माण कार्य पूरा होने के बाद रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम संतोषप्रद ढंग से स्थापित किये जाने की स्थिति में निगम द्वारा निरीक्षण के बाद आवेदकों की सुरक्षा निधि की जमा राशि लौटाई जाती है। इसके उलट यदि आवेदक द्वारा निर्माण स्थल पर रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं लगवाया, तो नगर निगम संबंधित आवेदक की जमा सुरक्षा राशि राजसात कर लेता है।



### 1500 वर्गफीट से कम निर्माण पर सिस्टम लगाना स्वेच्छिक

सूत्रों के मुताबिक नगरीय निकाय क्षेत्र में 1500 वर्गफीट से कम निर्माण पर रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाना अनिवार्य नहीं है। मौजूदा व्यवस्था में रायपुर सहित प्रदेश के अन्य नगरीय निकायों में 1500 वर्गफीट से कम क्षेत्र में बने भवनों पर रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने को स्वेच्छिक रखा गया है।

### सालभर पहले निगम ने निकाला था टेंडर लिस्ट में खामियां, टेंडर निरस्त

नगर निगम ने साल पूर्व निगम से इंपेनल्ड 31 जियो लॉजिस्ट को जोनवार सूची सौंपकर शहर के 10 जोनों में रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाने टेंडर किया। ऐसे जगहों पर जहां भवन, मकान निर्माणकर्ता द्वारा नक्शा पास कराते समय रेनवाटर हार्वेस्टिंग के लिए निर्धारित सुरक्षा निधि जमा कराई गई, पर निर्माण के बाद भी रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं लगवाया गया। संबंधित निर्माणकर्ता के यहां रेनवाटर हार्वेस्टिंग के लिए प्रेरित करने का जिम्मा पंजीकृत भूजल विदों को दिया गया। पर निगम द्वारा तैयार कराई गई सूची में कई तरह की खामियां रही। जिसके कारण जियो लॉजिस्ट को काम करने में खासी दिक्कत आई। जैसे ज्यादातर मकान मालिकों का पूरा पता सूची में दर्ज नहीं था। कुछ जगहों पर मकान मालिक ने ये कहकर सिस्टम लगाने से मना कर दिया कि निर्माण स्थल पर तोड़फोड़ कराना पड़ेगा। कुछ जगह ऐसे भी नाम मिले जिनके मोबाइल नंबर गलत दिये गये थे। इन सब कारणों से टेंडर निरस्त करना पड़ा।

### जोनवार इस तरह बनी जियोलॉजिस्ट की टीम

- **जोन 1** - संतोष कुमार बिसेन, देवराज पटेल, मुकेश कर्ष, विजेन्द्र कोशले
- **जोन 2** - योगेश भावे, धर्मेन्द्र साहू, आशुतोष सन्यासी, जगत बन्ध्धु देबनाथ
- **जोन 3** - सुरेन्द्र कुमार पटले, सरिता पाणिग्रही, युगलकिशोर शर्मा
- **जोन 4** - सुरेश सिन्हा, हितेश मलागार, कोमल सिंह वर्मा
- **जोन 5** - विपिन दुबे, वीरेन्द्र गिरी गोस्वामी, वीरेन्द्र सिंह साहू
- **जोन 6** - रंजीत कुमार डे, राधारमण नायक, घनश्याम वर्मा, हितेश सोनकर
- **जोन 7** - डॉ. के.के पाणिग्रही, देवव्रत साहू, हेमवंत रहमतकर, गुलशन अठभैया
- **जोन 8** - भूपेश, मोनेश पांडेय, तुलेश्वर साहू, प्रवीण वर्मा
- **जोन 9** - धनेश्वर वर्मा, बिमान मुखर्जी, अवधकिशोर चौधरी
- **जोन -10** संतोष कुमार बिसेन, विनय कुमार साहू, नरेन्द्र कुमार, नारायण साहू

अब पासपोर्ट की तर्ज पर बनेगा ड्राइविंग लाइसेंस

# भाठागांव बस स्टैंड से जल्द दौड़ेंगी 21 ई-बसें



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के भाठागांव स्थित अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल से 21 ई बसें जल्द फराटे भरेंगी। इसके लिए 2.5 एकड़ जमीन चिन्हांकित की गई है। परिवहन सचिव एस. प्रकाश और अपर परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर ने गुरुवार को अंतर्राज्यीय बसस्टैंड का निरीक्षण किया। बसस्टैंड से 21 ई-बसों का संचालन किया जाएगा।

आम जनता को सुगम परिवहन की सुविधा उपलब्ध कराने राजधानी के भाठागांव स्थित बसस्टैंड से 21 ई बसें संचालित की जायेंगी। इसके लिए ढाई एकड़ जगह को चिन्हांकित किया है। परिवहन सचिव व अपर परिवहन आयुक्त ने स्थल का अवलोकन कर नगर निगम व विद्युत विभाग को मूलभूत अधोसंरचाएं विकसित करने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही परिवहन सचिव व अपर परिवहन आयुक्त ने पंडरी के ड्राइविंग लाइसेंस सेंटर का निरीक्षण किया। पंडरी के ड्राइविंग लाइसेंस सेंटर में लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया को लेकर उन्होंने आम नागरिकों से बातचीत की और प्रक्रिया पर संतुष्टि जाहिर की। परिवहन सचिव और परिवहन आयुक्त द्वय ने ड्राइविंग लाइसेंस परीक्षण कार्य का भी अवलोकन किया। साथ ही सिटी सेंटर का निरीक्षण कर लाइसेंस प्रिंटिंग कार्य की जानकारी ली।

सूत्रों के मुताबिक अब ड्राइविंग लाइसेंस भी पासपोर्ट की तर्ज पर बनाया जाएगा। इसकी प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। सिंगल विंडो के माध्यम से ड्राइविंग लाइसेंस बनाया जाएगा। इस अवसर पर उप परिवहन आयुक्त मनोज ध्रुव, रायपुर आरटीओ आशीष देवांगन, सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी प्रतीक शुक्ला सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

हत्या के आरोप में पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया

# आपसी रंजिश पर युवक की हत्या, तीन गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- टिकरापारा थाना क्षेत्र में बोरियाखुर्द के पास चार दिन पूर्व की घटना

टिकरापारा थाना क्षेत्र में चार दिन पूर्व 22 अप्रैल को युवक की चाकू मारकर हत्या करने के आरोप में पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। युवक की हत्या आपसी रंजिश पर किए जाने की बात पुलिस बता रही है। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल चाकू के साथ एक ई-रिक्शा को जब्त किया है। पुलिस के मुताबिक आर्यन सिंह तोमर की हत्या के आरोप में संतोषी नगर निवासी शुभम गिरी गोस्वामी, बोरियाखुर्द निवासी सूरज नंदे तथा न्यू राजेंद्र नगर निवासी रितिक केशरवानी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार घटना दिनांक को आर्यन शाम साढ़े सात बजे अपने घर से टहलने के लिए निकला था।

इसी दौरान बदमाशों ने उसे घेर लिया और पुरानी रंजिश के लेकर आर्यन के साथ लाठी डंडे से मारपीट करने के बाद उसके छाती में चाकू से हमला कर गंभीर हालत में मौके पर छोड़कर फरार हो गए। घटना देर रात एक खेत के अंदर की थी, इस वजह से आर्यन को कोई देख नहीं पाया और समय पर उपचार नहीं मिलने की वजह से आर्यन की मौके पर ही मौत हो गई।

# मतदाता जागरूकता के लिए मे-फेयर लेक रिसॉर्ट ने की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में सहभागिता प्रदान करते हुए मे-फेयर लेक रिसॉर्ट ने अभिनव पहल की है। 7 मई को मतदान करने वाले हाथ की स्याही दिखाने वाले मतदाताओं के लिए स्पेशल डिस्काउंट ऑफर की घोषणा की है। उन्हें भोजन में 30 फीसदी की छूट मिलेगी। 7 मई से 12 मई तक सभी मतदाताओं को कार्ट ऑर्डर व बुफे पर स्पेशल डिस्काउंट दिया जाएगा। कलेक्टर डॉ. सिंह ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे अन्य संस्थानों के लिए भी अनुकरणीय बताया है।

आम जनता को मतदान के लिए प्रेरित करने राजधानी में विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में मेफेयर प्रबंधन ने मतदान तिथि 7 मई को वोट देने वाले मतदाताओं को भोजन सूची ऑर्डर करने पर 30 प्रतिशत का डिस्काउंट देने की घोषणा की है। इसके अलावा तीन व्यक्तियों के बुफे पर एक अतिरिक्त व्यक्ति का बुफे निःशुल्क होगा, ताकि लोग अधिक से अधिक वोट करने के लिए प्रेरित हों। प्रबंधन द्वारा इस आशय का पत्र भी जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को सौंपा गया। इस दौरान नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप उपस्थित थे।

# मोदी बोले- रॉकेट की गति से चल रही है विष्णु सरकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय प्रवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने उद्बोधनों में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की खूब सराहना की। सरगुजा में उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार को पूरे अंक देते हुए कहा कि साय सरकार रॉकेट की गति से काम कर रही है। देश के प्रधानमंत्री श्री मोदी के मुख से निकले ये शब्द निश्चित रूप से "विष्णु के सुशासन की सरकार" के लिए उत्साहवर्धक साबित होंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सीएम विष्णुदेव साय को अपना साथी और भाई कहकर संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाई विष्णुजी विकास के लिए बहुत तेजी से काम कर रहे हैं।

### सांय सांय लिए फैसले

स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विष्णु की सरकार के कामकाज से पूरी तरह संतुष्ट हैं, उन्होंने सार्वजनिक रूप से जनता के बीच सकारात्मक समीक्षा कर यह साफ कर दिया। यह भी सही है कि महज सौ दिन की सरकार ने छत्तीसगढ़ मे जिस तरह से 'सांय सांय' फैसले लिए हैं, उससे विष्णुदेव साय की छवि 'कामकाजी मुख्यमंत्री' के रूप मे निखरकर आई है। पूत के पांव पालने में कहावत की तर्ज पर विष्णु सरकार ने जो बेहतरीन आगाज किया है, उसका अंजाम छत्तीसगढ़ की तीन करोड़ जनता के लिए बेहद सुकून भरा होगा, इसमें कोई संदेह नहीं है।

### बस स्टेशनों एवं मुख्य मार्गों की सघन जांच

**दुर्ग।** दुर्ग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिले में अवैध मदिरा विक्रय के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु लगातार कार्यवाही की जा रही है। विभाग द्वारा लोकसभा निर्वाचन को सफल बनाये रखने हेतु चुनाव में मादक द्रव्यों की उपयोगिता के रोकथाम के उद्देश्य से अलग-अलग संदिग्ध एवं अपराधिक क्षेत्रों में सतत जांच की कार्यवाही की जा रही है। विभाग द्वारा जिले के अन्तर्गत आने वाले होटल, ढाबों तथा रेलवे स्टेशन दुर्ग से आने-जाने वाले रेल यात्रियों की जांच की जा रही है। इसी कड़ी में आबकारी विभाग द्वारा महाराष्ट्र एवं मध्यप्रदेश से आने वाली यात्री बसों एवं चार पहिया वाहनों का पुलगांव चौक पर सघन जांच किया गया। जांच के दौरान बस ड्राइवरों एवं कण्डक्टरों को किसी भी प्रकार की संदिग्ध व्यक्ति अथवा संदिग्ध सामग्री का पहचान होने पर कार्यालयीन टेलीफोन नम्बर पर तत्काल सूचना दिए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

# इलाज के बाद भी सालभर से 71 करोड़ रूपए का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत पिछले सालभर से जिले के 42 निजी व शासकीय अस्पताल संचालको को करीब 71 करोड रूपए से अधिक का भुगतान अटका है।

पिछले लंबे समय से भुगतान नही किए जाने के कारण अस्पताल संचालको का गुस्सा सरकार पर फूटने लगा है। मिली जानकारी




अनुसार पिछले लंबे समय से निजी अस्पातल संचालको द्वारा क्लेम राशि के भुगतान की मांग की जा रही है। लेकिन केन्द्र और राज्य के शेयरों में चलने वाले इस योजना को लेकर अब तक रास्ता साफ होता नही दिख रहा है। जिले में पंजीकृत कुल अस्पताल 89 हैं, भुगतान हेतु शेष राशि 71.85 करोड़ रुपए बकाया है। अप्रैल 2023 से मार्च 2024 के बीच करोडों रूपए की राशि का अब तक भुगतान नही हो पाया है। अफसरो ने बताया कि, आयुष्मान योजना में साठ प्रतिशत शेयर केन्द्र और चालीस फीसदी राशि राज्य सरकार वहन करती है।

### आईएमए ने काम बंद करने की दी चेतावनी

विगत दिनों रायपुर में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन से जुड़े छत्तीसगढ़ के निजी अस्पतालों का करीब 800 करोड़ रुपए बकाया होने के संबंध में बैठक आयोजित की गई। इसे लेकर रायपुर में आयोजित आम सभा में डॉक्टरों ने आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के भुगतान को लेकर नाराजगी जताई। इसके साथ ही योजना के तहत काम बंद करने की चेतावनी दी

## पेज 9 का शेष

### छत्तीसगढ़ को अटल जी ने ...

हुई। इसके बाद उन्होंने मोदी सरकार के 10 साल के महत्वपूर्ण कार्यों की बखान करते हुए बताया कि 25 करोड लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर गया। 80 करोड़ परिवार को मुफ्त राशन दिया गया। 12 करोड़ शौचालय बनाए गए, चार करोड़ मकान बना कर दिया गया। उन्होंने कहा कि आने वाले कार्यकाल में तीन करोड़ और मकान देने की योजना सरकार की है।

**विष्णुदेव सरकार कर रही वादों को पूरा :** शाह ने छत्तीसगढ़ सरकार की सराहना करते हुए कहा कि मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए विष्णुदेव सरकार ने दिन और रात काम किया। जिसका ही परिणाम है कि अल्प समय में चाहे महतारी वंदन योजना की बात हो चाहे 3100 रुपए क्विंटल की एक मुफ्त धान की भुगतान की बात हो या फिर पुराना धन की बकाया बोनस की राशि के भुगतान के बाद हो सभी मामलों पर अति शीघ्र निर्णय लेकर उन्होंने जो किसानों के हित में काम किया है निश्चित रूप से यह सरकार की संवेदनशीलता को बता रही है।

**ये रहे मौजूद :** मंच को उपमुख्यमंत्री अरुण साव, पूर्व साजा विधायक ईश्वर साहू, नवागढ़ विधायक एवं मंत्री दयाल दास बघेल, दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव, वैशाली नगर विधायक रीकेश सेन, बेमेतरा विधायक दीपेश साहू, पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय, पूर्व मंत्री राजेश मूणत, प्रीतपाल बेलचंदन, राजेश अग्रवाल, डोमन लाल कोरसेवाडा सहित स्थानीय भाजपा नेताओं में मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, योगेश तिवारी सहित काफी संख्या में भाजपा एवं युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप




### सपत्नीक किया मतदान

**गुरूर।** नगर के मतदान केन्द्र में प्रदेश भाजपा के पूर्व मंत्री व नगरपालिका बालोद के पूर्व अध्यक्ष राकेश यादव अपनी पत्नी के साथ मतदान करने पहुंचे। जहां उन्होंने मतदान करने के बाद सेल्फी ली व सभी से मतदान करने की अपील की।

### यशवंत ने किया मतदान



**बालोद।** मेरा मत राष्ट्र के लिए, विकसित भारत के लिए, आप भी निकलिए राष्ट्र के लिए अपना वोट करने का आव्हान करते हुए भाजपा के कांकेर लोकसभा चुनाव क्लस्टर सह प्रभारी और प्रदेश कार्यसमिति सदस्य यशवंत जैन नगर के कन्या हाई स्कूल बालोद मे मतदान करने पहुंचे। उसके बाद वे क्षेत्र में विभिन्न मतदान केन्द्रों मे अवलोकन करने निकले।

### बारात रोक दूल्हे ने किया मतदान




**गुण्डरदेही।** जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के मतदान केन्द्र क्रमांक 185 कचांदुर में दूल्हा दुर्गेश चन्द्राकर ने अपने पिता लेखराम चन्द्राकर के साथ अपने बारात प्रस्थान करने के पूर्व अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उसके पश्चात उनका बारात ग्राम लक्ष्मणपुर छुईखदान के लिए प्रस्थान किया। उन्होंने सभी मतदाताओं को सबसे पहले मतदान करने के बाद अन्य कार्यो को पूरा करने की अपील की।

### विदाई के पूर्व दुल्हन पहुंची मतदान करने



**गुण्डरदेही।** दूसरे चरण के लोकसभा चुनाव के मतदान में शादी की रस्मों को छोड़कर किलेपार की विद्या साहू ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। दुल्हन विद्या साहू की मतदान के दिन यानी 26 अप्रैल को उनकी विदाई होनी थी। जहां विद्या साहू की दुल्हन विदाई से पहले मतदान करने मतदान केंद्र पहुंची, उन्होंने कहा कि पहले मतदान फिर शादी महिलाओं को सशक्त बनाना है तो वोट डालना ही होगा। इसलिए पहले मतदान करूंगी फिर ससुराल जाऊंगी। बता दें कि दुल्हन विद्या साहू किलेपार से बोदल ससुराल जाएगी।

# आदिवासी संस्कृति से प्रेरित सेल्फी जोन में मतदाताओं ने खिंचाई फोटो










**बालोद।** जिले के अन्य स्थानों की भांति सुदूर वनांचल में स्थित आदिवासी बाहुल्य डौण्डी विकासखंड के कोटागांव एवं कुमुड़कट्टा में मतदाताओं ने उत्साह के साथ मतदान किया। इस दौरान मतदान केंद्र में सीआरपीएफ के जवानों का मानवीय चेहरा भी नजर आ रहा था। सीआरपीएफ के जवानों ने मुस्तैदी के साथ अपने दायित्वों के निर्वहन के साथ चलने-फिरने फिरने मे असमर्थ मतदाताओं को व्हील चेयर में बिठाकर प्रवेश द्वार से मतदान कक्ष तक लाने, ले जाने का भी कार्य किया। यहां 87 वर्ष की बुजुर्ग महिला बिरीन बाई एवं 80 वर्ष के बुजुर्ग मतदाता सुबरन बाई कोमरे ने उम्र के अंतिम पढ़ाव में भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसी तरह मतदान केंद्र क्रमांक 226 कुमुड़कट्टा को आकर्षक साज-सज्जा किया गया। यहां पर छिंद की डालियों से आदिवासी संस्कृति से ओतप्रोत सेल्फी जोन का निर्माण किया गया था। मतदान के लिए पहुंची सरस्वती कोसरे, सुमित्र यादव, सीमा कोसरे ने बताया कि मतदान केंद्र मे मतदाताओं के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था के साथ शर्बत की व्यवस्था की गयी थी। मतदान केंद्र क्रमांक 277 कुमुड़कट्टा में सूलोचना ने पहले मताधिकार का प्रयोग किया फिर शादी की अन्य रस्मों को पूरा किया। यहां 90 वर्ष के बुजुर्ग मतदाता सोनसिंह टेकाम ने सुबह पहले मतदाता के रूप में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस अवसर पर सोनसिंह टेकाम ने सेल्फी जोन में पहुंचकर सेल्फी भी ली।

**मतदान**

# 3212 मतदाताओं के लिए केवल तीन मतदान केंद्र

## मतदाताओं ने बताई परेशानी, कई बार मतदान केन्द्र बढ़ाने लगा चुके हैं गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर





नगर में 3212 मतदाताओं के लिए तीन मतदान केंद्र बनाया गया था, लेकिन मतदाताओं के तीन केंद्र में निर्धारण में अनियमिता के कारण मतदान केंद्र क्रमांक 206 के मतदाताओं को इस चुनाव में भी परेशानी उठानी पड़ी। नागरिक तीनों में समान मतदाता संख्या रखने की मांग लगातार कर रहे हैं।

मतदान केन्द्र क्रमांक 206 में 1445 मतदाता है, वहीं केन्द्र क्रमांक 207 में 921 मतदाता, केंद्र क्रमांक 208 में 846 मतदाता है। केन्द्र क्रमांक 206 में 1445 मतदाता होने से यहां मतदताओं की लंबी कतार लग जाती है। आरंभ में तीन से चार घंटे के इंतजार के बाद मतदाताओं का नंबर लग रहा था, जिससे कई मतदाता बिना मतदान के ही चले गए।

प्रातः 9 बजे की स्थिति में केन्द्र 206 में महिला व पुरूषों की लम्बी कतार थी। जबकि केन्द्र 207 एवं 208 में 8-10 मतदाता ही थे। जहां पूरे दिन यही स्थिति रही जहां केन्द्र क्रमांक 206 में मतदाता को कतार में लगना पड़ा।

बीते विधानसभा चुनाव में भी यही स्थिति रही थी, जिसके चलते केंद्र क्रमांक 206 में रात्रि 7:30 बजे तक मतदान होता रहा था। उसके बाद क्षेत्रीय विधायक एवं पत्रकार ने भी जिला प्रशासन से इस संबंध में चर्चा कर उससे हो रही परेशानी से अवगत कराते हुए तीनों केंद्र में मतदाताओं को व्यवस्थित करने की बात कही थी।

लेकिन लोकसभा चुनाव में भी यही स्थिति पुनः निर्मित हुई। नागरिकों ने मांग की है कि नगर के तीनों केंद्र में मतदाताओं का समान निर्धारण किया जाए, जिससे मतदाताओं को परेशानी ना हो एवं समय पर सभी मतदान कर सके।

### हल्की रस्म छोड़ दूल्हा पहुंचा मतदान करने



**बालोद।** सांकरा (क) स्थित मतदान केंद्र में शुक्रवार को एक युवक ने अपनी शादी में हल्दी की रस्म छोड़ पहले मतदान किया। किसलय होम्यो के संचालक मानिस दास मानिकपुरी मतदान करने अपनी माता होलिका मानिकपुरी और सागर दास मानिकपुरी के साथ अपने मित्र विकेश साहू और ग्रामीण झम्मन मंडावी के साथ मतदान केंद्र पहुंच कर मतदान किया। मानिस ने कहा कि विवाह यदि सनातन परंपरा का सामाजिक कर्तव्य है तो वहीं पर मतदान राष्ट्र के निर्माण और राष्ट्रीय कर्तव्य है, इसलिए मैने विवाह के रस्म के बीच मतदान को महत्व दिया। ज्ञात हो कि दूल्हा प्रसिद्ध नाड़ी वैद्य, समाजसेवी मानस के प्रखर वक्ता पुरुषोत्तम सिंह राजपूत के पालित पुत्र हैं।

### तीन पीढ़ी की मातृ शक्तियों ने किया मतदान



**गुरूर।** मतदान केंद्र क्रमांक 248 ग्राम सोरर में खोरबाहरिन बाई पटेल परिवार की तीन पीढ़ी के मतदाताओं ने एक साथ अपने मताधिकर का प्रयोग किया। ग्राम सोरर में एक ही परिवार के तीन पीढ़ी की प्रमुख 87 वर्षीय बुजुर्ग महिला खोरबाहरिन बाई अपनी 52 वर्ष की बहु दुलारी बाई एवं नाती बहु 24 वर्ष रोशनी पटेल के साथ मतदान केंद्र में पहुंचकर अपने मताधिकर का प्रयोग किया।

### पहले किया मतदान फिर निकली बारात



**गुरूर।** ग्राम भानपुरी में आम जनता अपने कर्तव्य के प्रति सजग दिखे। ग्राम के विश्वकर्मा परिवार के दो लड़कों की शादी थी। दोनों की 26 अप्रैल को ही बारात जानी थी, विश्वकर्मा परिवार के प्रमुख नेतराम विश्वकर्मा ने अपने दोनो पुत्रों दीपक कुमार और अनिल कुमार के बारात जाने से पहले अपने मत का उपयोग करते हुए मतदान केन्द्र में जाकर मतदान किया, मतदान करने के बाद दोनों का बारात गंतव्य के लिए रवाना हुआ। इस दौरान सरपंच अरुण साहू व अन्य ग्रामीण उपस्थित थे। सभी ने विश्वकर्मा परिवार के इस कार्य की सराहना की।

### पीपरे ने डाला वोट



**गुरूर।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष आदित्य सिंह पीपरे ने मतदान कर लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता दर्ज कराई। बूथ क्रमांक 228 ग्राम बोहारडीह में ग्रामवासियों से भी मतदाल करने की अपील की। इस अवसर पर ग्राम के वरिष्ठ नेता देवलाल साहू, जिला कार्यकारिणी सदस्य भाजयुमो राजेंद्र कुमार साहू, युवा साथीगण संदीप साहू, त्रिलोकी साहू, ओमू बंजारे मोहित नागवंशी उपस्थित थे।

## दूल्हों ने पहले किया मतदान फिर निकले दुल्हनिया लेने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

▪ बैंड बाजा, बारात के साथ पहुंचे मतदान केन्द्र



लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान को लेकर मतदाताओं में ख़ासा उत्साह रहा। शादी सीजन के बीच मतदाता समय निकाल मतदान करने केन्द्र में पहुंचे। शायद यही वजह है कि मतदाता पहली प्राथमिकता के साथ अपना पहला काम मतदान करना जरूरी समझे। ब्लॉक के कई मतदान केंद्रों में देखा गया कि शादी कार्यक्रम और बारात निकलने के पूर्व दूल्हा, दुल्हन शादी की रस्मे निभाने के पूर्व वोट डालने पहुंचे, अपना मताधिकार का उपयोग कर लोकतंत्र के इस महापर्व में भागीदारी निभाई। समीपस्थ ग्राम संबलपुर में दूसरे चरण के मतदान में शुक्रवार को दो दूल्हे भी शामिल हुए। दुल्हनिया लेने बारात लिए निकले दुल्हों ने पहले मतदान कर लेना आवश्यक समझा और ढोल नगाड़े के साथ बूथ क्रमांक 22 में संबलपुर के अलग-अलग परिवार के दो दूल्हा प्रशांत नायक और ओमप्रकाश कोठारी ने जोश और उत्साह के साथ वोट डाला। इस अवसर पर परिवारजन, यार दोस्त व ग्रामवासी उपस्थित रहे, उन्होंने खुद वोट डालकर दूसरों को वोट डालने के लिए अपील किया तत्पश्चात दुल्हनिया लेने बारात के साथ चल पड़े।

## स्काउट-गाइड ने किया मतदान केन्द्र में सेवा कार्य



**डौंडीलोहारा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय दूधली के सुभाष दल एवं महारानी लक्ष्मी बाई दल के स्काउट-गाइड जिला मुख्य आयुक्त पीसी मर्कले, जिला मुख्य आयुक्त गाइड दुर्गेश नंदिनी यादव, जिला सचिव के एल गजेन्द्र, डीओसी प्रेमलता चंद्राकर के मार्गदर्शन तथा स्काउट मास्टर मिलन सिन्हा के निर्देशन में कांकेर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के प्राथमिक शाला भवन दुधली मतदान केंद्र में सेवा कार्य के तहत बुजुर्ग मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाने में सहयोग किया । दिव्यांग मतदाता को व्हील चेयर पर मतदान केंद्र तक लाने ले जाने का भी कार्य किए। बूथ लेवल ऑफिसर, पीठासीन अधिकारी,मतदान अधिकारियों ने स्काउट गाइड के सेवा कार्य की सराहना की । स्काउट में राजवीर भट्ट, चंदन कुमार, राहुल, बालकृष्ण, मानव कौशिक, भूपेश, गाइड यासिका, भूमिका, तोमेश्वरी, हिना शामिल थी।

## लोकतंत्र को मजबूत बनाने दूल्हे भी पहुंचे मतदान केंद्र





**गुण्डरदेही।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में मतदान के दौरान मतदाताओं ने बढ़ चढ़कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इन दिनों शादी का सीजन चल रहा है। ऐसे में दूल्हा-दुल्हन भी अपना मत देने पीछे नहीं रहे। गुण्डरदेही क्षेत्र के कई पोलिंग बूथों से ऐसी तस्वीरें सामने आई हैं, जहां कोई शादी से पहले तो कोई फेरे लेने के बाद अपने मनपसंद उम्मीदवार को चुनने की जिम्मेदारी पूरी करने मतदान केंद्र पहुंचे। गुण्डरदेही नगर पंचायत के बघमरा के करण निषाद की बारात 26 अप्रैल को बघमरा से रायपुर व देवरी (क) के दयाशंकर साहू की बरात देवरी क से भिलाई जाना था, उससे पहले दोनों दूल्हे ने अपने-अपने मतदान केंद्र में शादी के मंडप से आकर पहले लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग किया, उसके बाद दूल्हा ने अपनी दुल्हनिया लाने बारात लेकर रायपुर व भिलाई गए।

### पहले मतदान किया फिर निकाली बारात



**बालोद।** ग्राम पारागांव निवासी तिलक राम पिता झुमुक राम साहू ने विवाह के बीच बारात प्रस्थान से पहले लोकसभा चुनाव के लिए परिवार सहित मतदान केन्द्र पहुंचकर मतदान किया। जिसके बाद वे बारात लेकर नगरी धमतरी के लिए प्रस्थान किए।

# पहली बार मतदान कर खिले चेहरे







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के बालोद विकासखण्ड के मतदान केंद्र क्रमांक 74 प्राथमिक शाला उमरादाह में पुरुष मतदाताओं के साथ युवा, महिला एवं बुजुर्ग मतदाताओं ने भी उत्साह के साथ मतदान कर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता निभाई। वहीं पहली बार मतदान करने पहुंचे युवाओं ने मतदान करने के बाद खुशी जताते हुए अपनी भावनाएं व्यक्त की।

### पहली बार किया मतदान

पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करने पहुचे युवा मतदाता कुमारी माया ठाकुर, मुकेश ठाकुर ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करने से आज उन्हें एक मतदाता के रूप में अपने जिम्मेदारी का अहसास हो रहा है।

### बुजुर्गों ने निभाई जिम्मेदारी

इसके अलावा संगवारी आदर्श मतदान केंद्र उमरादाह में ग्राम पारागांव निवासी 80 वर्षीय बुजुर्ग सोनाबाई एवं 82 वर्षीय पेमिन बाई ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस मतदान केंद्र में ग्राम उमरादाह के 75 वर्षीय बुजुर्ग दिव्यांग मतदाता गोआल राम तारम ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर प्रसन्नता व्यक्त की। आदर्श संगवारी मतदान केन्द्र उमरादाह में बेहतरीन वेटिंग कक्ष भी स्थापित किया गया है। जिसमें मतदाता अपने बारी का इंतजार करते दिखे। इस मतदान केंद्र की सम्पूर्ण जिम्मेदारी पीठासीन अधिकारी इंदुबाला सिन्हा, मतदान अधिकरी क्रमांक 01 गायत्री मार्कण्डे, मतदान अधिकारी क्रमांक 02 ममता साहू, मतदान अधिकारी क्रमांक 03 निर्मला मिंज एंव रिजर्व मतदान अधिकारी द्रौपदी साहू सहित सभी महिला मतदानकर्मियों द्वारा इस आदर्श संगवारी मतदान केंद्र का संचालन किया गया।

